टी0ए0 मिस केस सं0 188/2019-20

दिनांक	आदेश	अभ्युक्ति
18 03 2020	अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **अभिषेक देवगम, पिता– प्रेम प्रकाश देवगम,** ग्राम–पुराना चाईबासा, थाना–**मुफ्फसिल,** जिला–पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा ने मौजा–पुराना चाईबासा, थाना नं०–**639,** खाता नं०–61, प्लॉट नं०–917, कुल **रकवा– 0.10 एकड़** भूमि क्रेता **श्री बामिया तुबिड़, पिता– स्व0 वीर सिंह तुबिड़ ,** ग्राम– **जोजोहातु,** थाना–**मुफ्फसिल** के पास में बिक्री के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) (ए) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बिक्री हेतु आम सूचना निर्गत किया गया। अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दास्तावेज प्रस्तुत किया गया। दास्तावेज के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि **आवेदित भूमि आवेदक के दादा के नाम पर हाल सर्वे खतियान में दर्ज है। आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्ण दखल है।** अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक–242, दिनांक–18.03.2020 के द्वारा प्राप्त है एवं विक्रेता द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों के अवलोकन से ज्ञात होता है कि व्यवसाय हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भू–खण्ड को क्रेता– **श्री बामिया तुबिड़, पिता– स्व0 वीर सिंह तुबिड़ ,** ग्राम– **जोजोहातु,,** थाना–**मुफ्फसिल** के पास 2,75,000.00/–**(दो लाख पचहत्तर हजार) रूपये** में बिक्री करना चाहते हैं। इस संबंध में किसी को किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ है। जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों थाना **मुफ्फसिल** के निवासी है। उक्त दोनों अनुसूचित जन जाति के सदस्य हैं। ग्रामीण मुण्डा का बिक्री करने संबंधी अनुशंसा प्रतिवेदन प्राप्त है जो अभिलेख में संलग्न है। उपरोक्त प्लॉट की बिक्री के पश्चात् आवेदक के पास शेष 5.00 एकड़ भूमि से ज्यादा बचता है। आवेदक के पास भरण पोषण हेतु पैत्रिक भू–सम्पति प्रर्याप्त है। अतः संबंधित राजस्व कर्मचारी/अंचल निरीक्षक/अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा एवं ग्रामीण मुण्डा के अनुशंसा के आलोक में आवेदक **अभिषेक देवगम, पिता– प्रेम प्रकाश देवगम,** ग्राम–पुराना चाईबासा, थाना–**मुफ्फसिल,** जिला–पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा क्रेता **श्री बामिया तुबिड़, पिता– स्व0 वीर सिंह तुबिड़ ,** ग्राम– **जोजोहातु,** थाना–**मुफ्फसिल,** के पास जमीन को कुल 2,75,000.00/–**(दो लाख पचहत्तर हजार) रूपये** में मौजा–पुराना चाईबासा, थाना नं०–**639,** खाता नं०–61, प्लॉट नं०–917, कुल **रकवा– 0.10 एकड** जमीन बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(ए) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तांतरण करने की ......स्वीकृति...... दी जाती है। लेखापित भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा। भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा।	

Scanned with CamScanner